फर्द अहकाम

(नियम–26)

अज अदालत अतिरिक्त कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लालसिंह पिता मोड़ सिंह राजपूत निवसी सोमावास तहसील भदेसर

बनाम

देवीसिंह दत्तक पुत्र डूंगरसिंह राजपूत निवासी सोमावास, तहसील भदेसर वगैरा

प्रकरण संख्या 17/2020 (नि.पं.)

तारीख हुक्म	*हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज*	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20.09.24	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता उभय पक्ष उपस्थित। गैर निगरकार संख्या 1 के कायम मुकाम की कार्यवाही शेष है। अधिवक्ता निगराकार मृत्तक गैर निगराकार सं. 1 के कायम मुकाम हेतु आज भी अवसर चाहते हैं चूंकि गैर निगराकार सं. 1 की मृत्यु की सूचना अधिवक्ता गैर निगराकार संख्या 1 द्वारा दिनांक 03.05.2024 को प्रस्तुत करने पर उसी दिवस अधिवक्ता निगराकार को भी सूचित कर गैर निगराकार सं. 1 के कायम मुकाम की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। अधिवक्ता निगराकार को मृत्तक गैर निगराकार संख्या 1 के कायम मुकाम हेतु पर्याप्त अवसर दिए गए उसके पश्चात् भी अधिवक्ता निगराकार द्वारा कायम मुकाम की कार्यवाही नहीं की गई है तथा आज और अवसर चाहा जा रहा है। चूंकि कायम मुकाम की कार्यवाही हेतु 90 दिवस की अवधि निर्धारित है फिर भी अधिवक्ता निगराकार द्वारा लगभग 140 दिवस की अवधि व्यतीत होने के बाद भी कायम मुकाम की कार्यवाही नहीं की है। अतः अब निगरानी अबेटमेंट में खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। Web Copy - Not Official	